आर्योदय

ARYODAYE

Weekly Aryodaye No. 520 ARYA SABHA MAURITIUS 1st Sept. to 7th Sept. 2021

Arya Bhawan, 1 Maharshi Dayanand St., Port Louis, Tel : 2122730, 2087504, Fax : 2103778, Email ID : aryamu@intnet.mu

LET US LOOK AT EVERYONE WITH A FRIENDLY EYE

- VEDA

Om Shanno vātah pavatām shannastapatu sūryah.
Shannah kanikradad devah parjanyo abhi varshatu.

May the wind blow favourably for us. May the sun shine well enabling us to produce good crops. May the thundering clouds pour ample and timely rain for us.

Dr O.N. Gangoo

From the Chief Editor's Desk

Thought of the week

The way we spend our time defines who we are.

-- Jonathan Estrin

Time to Think Ahead

The sacred month of *Shravan* is behind us. The Arya Sabha and its branches across the island have given due importance to it. This year *Shravan Mās* was celebrated with some restraint as, due

to the protocol established, only a limited number of people could attend the prayers. This did not hamper the faith and devotion of our members. At *Aryodaye*, we are pleased with the response this year's celebrations have elicited.

We, wholeheartedly, place on record our appreciation for all the office bearers of the branches, their members, the pandits and panditas and, of course, the devotees. We are aware that there are other people who have contributed in some way or the other. To all of them go our thanks.

The Harm that Has Been Done

During this sacred month, I have a couple of times in my editorials mentioned the need to protect the environment. It is a truism that it is the concern of everyone. We are aware of the efforts of the Ministry of Environment in this connection. We are also not indifferent to what NGO's and other individuals are doing to make our country attractive and clean. We often hear of the campaigns to clean certain localities, beaches included, to combat deforestation, to save animal species in danger of extinction and to plant saplings. In sum, everything is being done to sensitize the population about ways and means to repair the harm which has already been caused.

A Laudable Initiative

The damage can also be curtailed by having recourse to recycling. I have read and been informed by the media how local industries, including medium ones, are recycling degradable items to alleviate the incidence of waste products on our environment. It is an initiative which deserves to be commended. It deserves our support, too.

Advantages of Recycling

On our beaches are bins where litter can be thrown and a specific structure meant for empty cans and plastic bottles. The benefits of recycling are many. It deserves our attention for the advantages fellow Mauritians are already drawing from it.

Recycling is the process of returning materials to their original components and using these again to manufacture a new or part of a new product. From a layman's perspective, recycling simply means putting something one intended to discard back on the market to be reused.

At a place I recently visited is a corner where customers are requested to dispose of their used battery cells. I saw on television many months back how beside newsprint and aluminum, glass can be recycled in ways which can enhance the environment. It is high time to change our mindset. We must stop thinking of 'recyclables' as garbage or waste which pollutes and renders our environment unclean and unattractive. Instead, they should be considered as secondary raw materials. They are resources.

The Strategic Threat

We are time and again reminded how modern gadgets including aeroplanes, vehicles and factories have contributed to noise, air and water pollution. There is a phenomenon which has been identified as smog. Both developed and developing countries are conscious that the time has come to reduce the impact of pollution on our environment. This measure will rebound on the planet and on us ultimately.

We appreciate whatever measures are being taken to combat this global crisis. In the words of Al Gore, former U.S. senator and forty-fifth vice president of the U.S.A. in 1993, *"It is this problem – global air pollution – that presents the true strategic threat to which we must respond."*

We will be praised or blamed by generations to come according to the condition of the land, the air and the oceans we bequeath to them. We are hopeful provided everyone – rich or poor – thinks of the future of humanity instead of their own interests.

O.N. Gangoo

सम्पादकीय

प्रभु-भक्ति

मानव-शरीर परमात्मा का बहुत बड़ा चमत्कार है । मनुष्य एक सर्वश्रेष्ठ प्राणी है, जिसे सत्यज्ञान द्वारा ईश्वर-भक्ति करने का भाग्य प्राप्त हुआ है । इसी जीवन में मानव प्रभु-भक्ति करने का अधिकारी बनता है ।

मानव-जीवन के उद्देश्य की पूर्णता प्रभु-भक्ति से होती है । जैसे शरीर के लिए सात्विक भोजन की ज़रूरत होती है, वैसे ही मन, बुद्धि और आत्मा के लिए प्रभु-भक्ति आवश्यक है । भक्ति तो आत्मा का भोजन है । परमात्मा की सच्ची भक्ति से बढ़कर आत्मा को आनन्द, शान्ति, संतोष और प्रसन्नता देने वाली और कोई चीज़ नहीं है ।

दुनिया में भौतिक सुख-भोग क्षणिक है । परमात्मा की भक्ति हमें जीवन की अन्तिम घड़ी तक आन्तरिक सुखानन्द देती रहती है । भक्ति तो परमात्मा से गहरा सम्बन्ध जुड़ने की उत्तम प्रक्रिया है। वह जीवन को सार्थक, पवित्र और धार्मिक बनाती है। भक्ति से आत्म-बल बढ़ता है । हमारे सोच-विचार, स्वभाव, व्यवहार और कर्मों में बदलाव आने लगता है ।

ज्ञान और वैराग्य भक्ति के दो आधार होते हैं । इन्हीं पर भक्ति टिकी रहती है । जीवन में जितना ही ज्ञान और वैराग्य प्रबल होगा, प्रभु-भक्ति में उतनी ही अधिक श्रद्धा और आस्था होगी, इसीलिए हमें निरन्तर संन्ध्या-हवन, यज्ञ-महायज्ञों तथा धार्मिक गतिविधियों में अपनी रुचि बढ़ानी चाहिए ।

प्रभु-भक्ति की महिमा अनन्त है । भक्ति से जीवन में आशा, उत्साह, उमंग एवं नव स्फूर्ति का संचार होने लगता है । हमारा जीवन उत्तम हो जाता है । हम सज्जन और सदाचारी बनकर धार्मिक जीवन व्यतीत करने लगते हैं। सच्चा भक्त वही है, जो ईश्वर के उपकारों को स्मरण करता है। प्रतिदिन सन्तुष्ट होकर ईश्वर को धन्यवाद देता रहता है।

श्रेष्ठ कर्म ही भगवान् की सच्ची भक्ति है, जिसका मन मलिन है, चरित्र गिरा हुआ है तथा कर्म पापपूर्ण है, उसकी पूजा और भक्ति व्यर्थ है, दिखावा है । चरित्रहीन व्यक्ति कभी भी सच्चा ईश्वर-भक्त नहीं बन सकता है। वह तो धार्मिक बातें बहुत करता है, परन्तु कभी भी सच्ची भक्ति का आनन्द नहीं पा सकता है, जिसका हृदय प्रभु-ध्यान के लिए आतुर हो जाए, वही सच्चा भक्त माना जाता है ।

आज अधिकांश लोग अपने दैनिक व्यवहारों को बड़ी लगन, उमंग और चाह से निभाते हैं । भौतिक भोग में फँसकर उनका मन ईश्वर-भक्ति में एकाग्र नहीं होता है । ऐसा लगता है कि जो अज्ञानी है, वे संसार के लोगों से डरते हैं पर उन्हें परमात्मा से कोई भय ही नहीं ।

हम वैदिक प्रार्थनाओं द्वारा ईश्वर से सुबुद्धि, सद्भाव, शुभ कर्म और सद्व्यवहार करने की शक्ति की कामना करते हैं । पाप, अधर्म और असत्य मार्ग छोड़कर सद्धर्म, सत्यकर्म और सच्ची-भक्ति करने की आदत डालें तभी हम वेदानुकूल जीवन व्यतीत करके भौतिक और आध्यात्मिक सुख, शान्ति और सच्चा आनन्द भोगने के अधिकारी होंगे । अन्यथा यह अनमोल जीवन पशुओं की भाँति योंहि गुज़रते बीत जाएगा और हम अपने उद्देश्य को कभी पूर्ण नहीं कर पाएँगे ।

बालचन्द तानाकूर

Launching of a facemask – mitigating measures against Covid 19

Dr Bhushan Chummun, MSc, Ph.D.
President, Mauritius Arya Yuvak Sangh

The National Youth Day is celebrated each year on 15 August. This has been a long tradition that the event be cumulated with the celebrations of India's Independence Day. Following the recent covid 19 prevailing conditions and abiding to government decisions, this year's event was organized under strict sanitary protocols.

contd. on pg 2

contd. from pg 1

Launching of a facemask – mitigating measures against Covid 19

On the onset of the Covid 19, since last year, the Mauritius Arya Yuvak Sangh had to reinvent itself, no physical meetings were being conducted, instead, virtual meetings are being held. The planning and organization of the National Youth Day 2021 was done solely through a series of virtual meetings. It was decided that the event be held at the Arya Bhawan, Port Louis with a strict list of 50 invitees and the event would be broadcasted live on the Facebook page of the Arya Sabha Mauritius and Mauritius Arya Yuvak Sangh. In the course of preparations of the event, contact was established with the High Commission of India and it was decided that the event would be broadcasted live on the Facebook page of the High Commission of India.

We are all aware of the sanitary rules being observed; social distancing, use hand sanitizer, and wear a face mask. In a spirit to support what the health authorities are doing, the Mauritius Arya Yuvak Sangh decided to launch a Covid 19 face mask on the occasion of National Youth Day. The face mask bearing the logo of AUM was launched by Shri Harrydev Ramdhony and Dr Bhushan Chummun Presidents of Arya Sabha Mauritius and Mauritius Arya Yuvak Sangh respectively. This double layered mask will be available on sale at various sub offices of the Arya Sabha Mauritius across the island.

Since the beginning of the Covid 19 event the Arya Sabha Mauritius has been contributing a lot to control this invisible enemy; One million rupees was donated to the Covid 19 Solidarity fund, the Souillac Arya Samaj was given to the Ministry of health so that they could accommodate their offices and members of the Arya Samaj have been requested to perform as many yajna as possible at home among family members to purify the environment. And now, a face mask has been launched to further sensitize and encourage members of the Arya Samaj and Hindu community at large to wear a face mask to prevent the proliferation of Covid 19 infections.

OUR IDENTITY

Rajnarain Guttee

Our identity cards mainly carry our name, our family name, our date of birth and our identity card number. But, this only is not our identity. There are also other factors that make our identity. Our language, our culture, our way of life, our religion all make our real identity.

Our forebears were brought from various parts of India as indentured labourers to work on sugar cane plantations. Our forefathers were extremely poor and had to go through many trials and tribulations in order to survive. Though, they were subjected to dire oppression, they persevered to preserve their identity by safeguarding their rich cultural heritage though, they had neither infrastructural facilities nor financial resources.

First and foremost, our language shapes our identity. We are known by the language we speak. British people are known by the English language. Likewise, French people speak their French language, Japanese speak their Japanese language, Russians speak their Russian language etc. Hence, language is the prominent factor contributing to our identity. We may study and speak as many languages as we wish. But, our mother tongue only will give us our identity. Our mother language is Hindi, which comes from the Sanskrit language. Sanskrit grammar was laid down by Panini 2000 years ago. The Rig Veda, recorded in Sanskrit in the year 3500 B.C, is the oldest book of world library.

Hindi is a very rich language with a vocabulary of 700,000 words whereas, the English vocabulary has only 250,000 words. Hindi has 52 alphabets whereas, English has only 26 alphabets, that is, half of that of Hindi. The Hindi language is taught in hundreds of universities throughout the world. Hindi is pronounced as it is written, unlike other languages which are written differently and pronounced differently. It is a very scientific language.

A language is the means of communication, of pushing forward our ideas, of conveying a message or of expressing our feelings and emotions. But, Hindi is not just a means of communication. It is also the vehicle of culture. It is a language of love, peace and brotherhood. Hence, we should start by walking from where we stand, that is, we give top priority to our language before we study other languages. We may study as many languages as we wish. But, we identify ourselves with our languages which touches our heart and soul.

Our forebears have left us a very rich cultural heritage which is appreciated by the world. Our music, our food, our art, our cultural values based on the brotherhood of mankind, love for all, world peace, harmony, mutual respect, caring for others are some of the factors that the world is adopting to ensure stability and prosperity. The affection and devotion to our parents are depicted by the example of Shravan Kumar in the Ramayana.

Our way of thinking, our way of life, our philosophy, all contribute to form our identity. The West has its own identify which is mainly moulded by materialism. For the West, the world is a market where the main motivation is marketing. Since ages, we have been saying that the world is one family. Where there is family there is love and where there is market, there is business. Our philosophy of life is less inclined towards materialism and more towards spirituality, eternal values and religious way of life, which form the core of our identity.

Hence, to preserve our identity and to be singled out, we have to be proud of our Hindi language and make use of it in all our dealings, consolidate our cultural heritage by adopting our cultural values in our day to life. We must live our religious way of life, which will give us peace of mind, stability in the family and in society, as well as, success in all our enterprises. If we lose our identity then, we shall be nowhere. We cannot be called an Englishman by speaking English nor shall we be happy by trying to identifying ourselves with the West by adopting the Western style of life. Our identity is unique which will give us respect and honour. We have to pass on the qualities of our identity to the coming generations.

ARYODAYE
Arya Sabha Mauritius
प्रधान सम्पादक : डॉ० उदय नारायण गंगू, *पी.एच.डी., ओ.एस.के., जी.ओ.एस.के., आर्य रत्न*
सम्पादक : श्री बालचन्द तानाकूर, *पी.एम.एस.एम, ओ.एस.के., आर्य रत्न*
सह सम्पादक : श्री सत्यदेव प्रीतम, *बी.ए., ओ.एस.के, सी.एस.के.,जी.ओ.एस.के., आर्य रत्न*

सम्पादक मण्डल :
(१) श्री नरेन्द्र घूरा, *पी.एम.एस.एम, आर्य रत्न*
(२) प्रोफ़ेसर सुदर्शन जगेसर, *डी.एस.सी, जी.ओ.एस.के., आर्य भूषण*
(३) डॉ० विदुर दिलचन्द, *पी.एच.डी.,*
(४) डॉ० जयचन्द लालबिहारी,*पी.एच.डी,आर्य भूषण*
(५) *लीलामणि करीमन,एम.ए.,वाचस्पति*

इस अंक में जितने लेख आये हैं, इनमें लेखकों के निजी विचार हैं। लेखों का उत्तरदायित्व लेखकों पर है, सम्पादक-मण्डल पर नहीं ।

Responsibility for the information and views expressed, set out in the articles, lies entirely with the authors.

मुख्य सम्पादक

Printer : BAHADOOR PRINTING CO. LTD
Ave. St. vincent de Paul, Les Pailles,
Tel : 208-1317, Fax : 212-9038.

शिक्षा-प्राप्ति का अधिकार

सत्यदेव प्रीतम, जी.ओ.एस.के., आर्य रत्न, सह-सम्पादक

शिक्षा का अधिकार मानव का नैसर्गिक अधिकार माना जाता है । शिक्षा के बिना मनुष्य पशु समान हैं । ऐसे पशु जिनके न सींग है न पूँछ। याने बिना सींग और पूँछ का जानवर ।

ईश्वर ने हरेक मनुष्य को शिक्षा पाने के लिए पाँच ज्ञानेन्द्रिय दिये हैं – जैसे आँख, कान, नाक, जीभ और त्वचा, और प्रत्येक की अपनी-अपनी भूमिका अलग-अलग है। आँख की भूमिका देखकर रंग-रूप को पहचानना, कान से सुनकर शब्द सही उच्चारण का ज्ञान, नाक से सूँघकर गंध को जानना, जीभ से चखकर खट्टे-मीठे आदि का ज्ञान होना और स्पर्श करके सरदी-गरमी आदि को जानना। आँख के बिना हम किसी वस्तु या चीज़ का रंग-रूप न पहचान सकेंगे। इसी प्रकार जीभ को मालूम है कि फल, चीज़ या पदार्थ मीठा है, तेज़ (तीता) है, नमकीन, पनछोछर (देशी शब्द) है आदि। आवाज़ की पहचान कान द्वारा ही करते हैं। न आँख, न जीभ, न नाक और न त्वचा कर सकती है। सो हरेक ज्ञानेन्द्रिय की अपनी भूमिका है ।

स्वामी दयानन्द सरस्वती द्वारा रचित ग्रन्थ सत्यार्थप्रकाश में उन्होंने एकादश उपनिषदों में से तैत्तिरीयोपनिषद् में से यह कथन लिया – **'मातृ देवो भव, पितृ देवो भव, आचार्य देवो भव' ।** बच्चों के लिए पहला गुरु माँ या माता, दूसरा गुरु पिता और तीसरा गुरु आचार्य। माँ इसलिए कि बच्चा माँ की कोख से ही सीखना आरम्भ कर देता है। इसका उदाहरण हमें हमारे महाकाव्य महाभारत में मिलता है, जो व्यास मुनि द्वारा रचित है । कहा गया है कि जब अभिमन्यु माँ के गर्भ में था तो अर्जुन अपनी पत्नी का जी बहलाने के लिए चक्रव्यूह (युद्ध के बारे में) सुना रहे थे तो चक्रव्यूह से निकलने वाले अन्तिम भाग के समय सुभद्रा को नींद आ गई थी । अतः अभिमन्यु चक्रव्यूह से निकलना नहीं जानता था और कौरव दल के सैनिकों ने अभिमन्यु को घेर कर मार दिया था, क्योंकि इस हिस्से की कथा माता ने न सुन पाया था, क्योंकि माँ सो गई थी ।

स्वामी दयानन्द ने शिक्षा पर भी बहुत बल डाला था। इसलिए उन्होंने एक वाक्य लिखा है, **'मातृमान्, पितृमान्, आचार्यवान् पुरुषो वेद।'** यह किसी हमारे पुराने ग्रन्थों में नहीं पाया जाता, जैसे स्वामी जी ने गुरु विरजानन्द के गुरुकुल छोड़ने के पश्चात् आगरा शहर में डेरा डाला था तो उसी दो-ढाई वर्षों के दौरान अपनी पहली रचना की। पंच महायज्ञों में से ब्रह्मयज्ञ कहलाता है, जिसे हम 'सन्ध्या' मानते हैं, जिसे सुबह एवं शाम की संधि बेला में हम करते हैं। उसके अन्त में वेद मन्त्रों के उच्चारण के पश्चात् बोलते हैं, **'हे ईश्वर दयानिधे। भवत्कृपयाऽनेन जपोपासनादि कर्मणा धर्मार्थ काम मोक्षाणां सद्यः सिद्धिर्भवेन्नः।।'** यह अंश जो 'समर्पणम्' शीर्षक के नीचे पाया जाता है। सभी मन्त्रों के अन्त में लिखा जाता है कि अमुक मन्त्र किस वेद से उद्धृत है। **हे ईश्वर दयानिधे** – के अन्त में कुछ नहीं है, क्योंकि यह कोई मन्त्र नहीं है, पर उसका पूरा अर्थ खड़ी बोली में दे दिया गया है । आप सन्ध्या की पुस्तिका में देख लें। फिर भी मैं स्वामी विद्यानन्द विदेह द्वारा लिखित 'सन्ध्या-योग' पुस्तिका में जो संक्षिप्त अर्थ दिया है उसको देता हूँ – **हे ईश्वर दयानिधे** – आपकी कृपा से इस जप-उपासनादि कर्म द्वारा हमें धर्म-अर्थ-काम-मोक्ष की शीघ्र सिद्धि हो ।

पहला गुरु माँ का फ़र्ज़ है कि वह बच्चे के मन में ऐसा संस्कार भरे कि वह जीवन पर्यन्त काम आये और शरीर छोड़ने के बाद भी अमर आत्मा में अंकित रहे और फिर से जन्म लेकर आये तो नये शरीर के साथ आये । कोई बच्चा विद्वान् के यहाँ, कोई धनवान् के यहाँ और कोई भिखारी के यहाँ नये शरीर लेकर आता है तो हम उसको भाग्य से अभिहित करते हैं। भाग्य भी कर्म ही का फल है जो कर्म हम इस जन्म में नहीं कर रहे हैं, क्योंकि अभी तो कर्म किया ही नहीं है । हमें भूलना नहीं चाहिए कि शरीर के बिना आत्मा कर्म करने में अशक्त होता है, शरीर को लेकर आत्मा कर्म योनि में आता है । योनि का मतलब है प्राणियों की जातियाँ, जिनकी कुल संख्या चौरासी (८४) लाख कही गई है ।

स्वामी अग्निवेश – एक बहुप्रतिभाशाली व्यक्तित्व

जयपति पुनीत, विद्यावाचस्पति, बी.ए.,बी.एड.

पूज्य स्वामी जी से दो बार मिलने का अवसर प्राप्त हुआ। पहली बार दक्षिण अफ्रीका, दर्बन की 'आर्य प्रतिनिधि सभा' के शताब्दी-सम्मेलन के दौरान और दूसरी बार जब वे मॉरीशस आए थे। इस थोड़े से समय में उनके साथ रहने से पता चला कि वे कितने मेधावी, स्पष्टवादी, न्यायप्रिय और निर्भीक व्यक्तित्व वाले थे। बहुत कम ऐसे संन्यासियों से मिलने का अवसर मिला है। वे अंग्रेज़ी और हिन्दी के अनन्य विद्वान् और वक्ता थे। वे भारत की 'आर्य प्रतिनिधि सभा' के प्रधान भी रह चुके थे।

दर्बन के सम्मेलन के दौरान आर्य सभा मॉरीशस के एक सदस्य ने उनके सामने यह प्रश्न रखा कि कुछ साल पहले मॉरीशस के आर्य नेता स्वर्गीय मोहनलाल मोहित जी ने ऋषि दयानन्द स्मारक बनाने के लिए लाखों रुपए एकत्रित करके सभा को दिये, परन्तु आज तक पता नहीं चला कि उस रक़म का क्या हुआ। स्वामी जी ने कहा सिर्फ़ उस व्यक्ति का नाम बता दो, जिसके हाथ में उन्होंने पैसे दिए थे। मैं उसके हलक़ में हाथ डालकर निकाल लूँगा। इससे पता चलता है कि स्वामी जी कितने न्यायप्रिय व दृढ़निश्चयी थे। शायद इसीलिए कुछ लोग उन्हें पसन्द नहीं करते थे।

शेष भाग पृष्ठ ३ पर

Upasana and the feeling of one with the Universe

Prof. Soodursun Jugessur, D.Sc, Arya Bhushan

When we sit down and say our prayers, we go through the stages of **Stuti**, praise, **Prathna**, prayer, and **Upasana**, realization. Sometimes the realization comes in the middle, before the prayer, as is the case in the Gayatri mantra, also called the Mahamantra or the Savita mantra. During the praise stage, we praise the Almighty for his infinite powers of creation, sustenance, destruction, and also for his powers to remove our pains and give us happiness. These powers are in the initial words of the Gayatri mantra, Om, Bhuh, Bhuvah, Swah. In the end we pray for illuminating our intelligence and power of discretion, beseeching Him to guide our path.

The purpose of this article is to stress more on the Upasana aspect where we realize God's infinite Omnipotence , power, and our own minute power, insignificant vis_a_vis God's omnipotence. Through such realization we become humble and try to continuously improve ourselves and our relationships with the outer world. The feelings of ego shed away and we try to understand this creation more and more. We devote more energy to the sewa or yajna aspect of the purpose of our life, while continuously improving our knowledge through studies and understanding.

During this Upasana phase we let ourselves entirely in His mercy and let him guide us as we realize His infinite powers. We realize that just as a person possesses intelligence and life-force, in a much greater way the entire universe possesses an all-encompassing mind and life-force. We need to tune our mind and unite with this universal mind that has created this universe with its immense, nay infinite dimensions we cannot comprehend. Millions and millions of galaxies with their own stars and planets are decking the sky. Nothing is static. Many are rotating, vibrating and radiating energy.

Scientists and astronomers have been studying the sky with the help of more and more powerful telescopes, like the Kepler telescope, ever disposed to enhance their understanding of this universe. The more they find something new, the more they realize how much they still don't know. We live under the delusion that our earth is the only habitable one, unique withit's blue-green environment inhabited with humans, animals, plants and myriads of other creatures, many invisible to the eye. Only recently they have discovered twenty-four planets even better for life than earth. Since they are outside our solar system, they are called Exoplanets. There might be hundreds of millions or more of exoplanets in our own galaxy the Milky Way. And there are billions of galaxies! There are 4801 confirmed exoplanets in planetary systems. See Wikipedia and *(https: // youtu.be / pA54QL_ QiQE)*

The question that we ask is : Are we alone as a life-sustaining planet? Are there humans like us on these planets? Do they have water for supporting life? The answer is that it is highly probable, not to say surely! And they may be more intelligent! There is one called Proxima B, slightly bigger than our own planet earth. The likelihood of life there is very great. The scale used to measure the distance away of these celestial bodies is in light-years. One light year is the distance light travels in one year at a speed of 186000 miles per second. Just imagine how far are these exoplanets!

Now we imagine the greatness of the Almighty who has created this universe. Just like day and night, the solar system also has periods of day and night, with the exception that these are measured in millions of years. During the Sandhya we recite the 'Aghamarsana' mantra where we meditate on God's creation of the universe, discarding all inclinations to commit sin, either in thought, word or deed. God knows all that is going on in our thought and feelings. Realizing his immense powers we feel inclined to bow to his greatness with the feeling of oneness with the universe. This is what happens in Upasana when we unite with the universal spirit. In this stage our meditation takes us away from this world! We feel one with the Universe!

Almost everybody prays, but this is restricted to asking God for something or other. We should also strive to understand the why and wherefore of our existence here. This is where the Upasana aspect of our prayer and meditation becomes so important.

भारत के स्वतन्त्रता दिवस एवं श्रावणी यज्ञ

विष्णुदेव बिसेसर, पी.बी.एच., आर्य भूषण

ग्राँबे के माँ शक्ति मंदिर में १५ अगस्त को भारत के स्वतन्त्रता दिवस के साथ-साथ श्रावणी मास के अन्तर्गत पंडिता विद्वन्ती जहाल जी द्वारा श्रावणी यज्ञ एवं गायत्री यज्ञ का अनुष्ठान हुआ ।

सुबह के नौ बजे से ११.३० बजे तक यज्ञ का कार्यक्रम चला, जिसमें चार दंपति यजमान के रूप में थे। श्री रवि खेदू, श्री चांद बन्धु, श्री उमेश लंगर, श्री चन्द ज्योति दुखी और नये वर-वधु युदिश रमेसर जी भी साथ में थे। यज्ञ के बाद पंडिता जी ने दो भजन गाये । प्रधान श्री अशोक लंगर जी ने अपने स्वागत-भाषण में कहा कि हम वैदिक या सनातन धर्म को लेकर प्रति वर्ष यहाँ पर श्रावणी यज्ञ करते हैं। कोई भी पूजा करते हैं तो अन्त में यज्ञ ही के साथ समाप्त करते हैं । महिला समाज की ओर से श्रावणी भजन गाये गये ।

कार्य का संचालन करते हुए विष्णुदेव बिसेसर जी ने कहा कि इस रंगीले गाँव में यदि हम मिलकर नहीं रहेंगे तो कल क्या हो सकता है, पता नहीं । सदस्यों की इस एकता को देखकर सब सम्मान करते हैं। फिर आगे कहा, कि आज से २०-२५ वर्ष पूर्व लोग अपने घर में केवल यज्ञ ही का आयोजन करते थे। आज सहस्त्रों यज्ञ, वेद-पाठ आदि द्वारा यह मास एकदम पावन और पवित्र हो गया है। हमारे कई भाई-बहनें अनेक पर्वों को जोड़कर इसे सुहावन बनाते जा रहे हैं । फिर इसके बाद महिला समाज द्वारा एक भजन – *'यह श्रावणी पर्व हमारा है'* – गाया गया।

तत्पश्चात् सांसद के डॉक्टर अ. रामधनी जी के कर-कमलों द्वारा श्रीमती स्वीटी लंगर जी को उनके अच्छे काम के लिए एक फूल के गुच्छे से धन्यवाद और बधाई दी गई । डॉक्टर जी ने अपने संदेश में कहा कि सौभाग्य से ऐसे कार्यक्रम में भाग लेने का शुभावसर प्राप्त होता है और खुशी की बात है कि आप लोगों ने पूरी सावधानी बरती है । श्री बिसेसर जी ने दो माँगें रखी हैं, जिन्हें चन्द दिनों में पूरा किया जाएगा। सप्ताह में एक दिन मैं निःशुल्क चिकित्सा करूँगा, जिसमें आप अवश्य उपस्थित होवें ।

अन्त में पंडिता जी द्वारा शान्ति-पाठ हुआ और सभी का भोजन से सत्कार किया गया। इस समय हम सभी हिन्दू जन्ताओं से यही प्रार्थना हैं कि परमात्मा के लिए आप यज्ञ-हवन अवश्य करें ।

पृष्ठ २ का शेष भाग

स्वामी अग्निवेश – एक बहुप्रतिभाशाली व्यक्तित्व

स्वामी अग्निवेश बहुत-ही सज्जन व मिलनसार आर्य संन्यासी थे। सदैव प्रेम व भाईचारे की ही बात करते थे। युवावस्था में संन्यास लेकर सामाजिक, राजनीतिक व आध्यात्मिक क्षेत्र में उन्होंने निरन्तर संघर्ष किया । अन्य किसी नेता में इतनी हिम्मत दिखाई नहीं देती जो अमरनाथ के शिवलिंग को मात्र बर्फ़ की अण्डाकृति व पर्यावरणीय घटना घोषित कर सके, मुसलमानों के बीच जाकर कब्र पूजा व जानवरों की कुर्बानी को ग़लत कह सके। उनकी ही सभा में जाकर आर्यसमाज, सत्यार्थप्रकाश व वेद को महिमा मंडित कर सके। संगठन सूक्त जैसे वेद-मन्त्र बोल सके। साऊदी अरब के शेख को सत्यार्थप्रकाश भेंट कर सके। शिक्षा मन्त्री व प्रोफ़ेसर के पद को ठोकर मार सके। सती प्रथा को खत्म करने के लिए और लोगों में इसके विरुद्ध जनजागृति के लिए दिल्ली से देवराला तक पद-यात्रा निकालने की हिम्मत भी इन्होंने ही दिखाई। हज़ारों बंधुओं-मज़दूरों को बड़े संघर्ष के बाद इन्होंने ही मुक्त करवाया । शराब की बिक्री व गोहत्या पर पूर्ण प्रतिबंध के लिए स्वामी जी ने निरन्तर आवाज़ उठाई ।

विरोधी लोगों की प्रतिक्रिया देखकर ऋषि दयानन्द के वचन याद आते हैं – *"अप्रिय लेकिन कल्याणकारक वचन कहने और सुनने वाले लोग बहुत कम होते हैं, सच्चा संन्यासी वही होता है, जो हमेशा सत्य बोले और अपने अपमान को भी अमृत के समान समझे ।"* कुछ-न-कुछ कमी तो हर महापुरुष में होती है, पूर्ण तो परमात्मा ही है। कट्टरपंथी मूर्तिपूजक हिन्दू इनके बारे में अपशब्दों और गालीगलौच का प्रयोग करते हैं। उनपर जानलेवा हमले भी हुए। स्वामी अग्निवेश ने अपने व्याख्यानों में हिन्दुओं, मुसलमानों, ईसाइयों आदि सभी मत-मतांतरों व राजनेताओं के पाखंड का खण्डन किया। ईश्वर के सच्चे स्वरूप को सबके सामने रखा और हर मंच से ऋषि दयानन्द व वेद को महिमामंडित किया । कट्टरपंथी हिन्दू और कुछ छद्म रूप वाले आर्यसमाजी इनके बारे में अब भी अनर्गल प्रलाप करते रहते हैं । ऐसे महान् त्यागी को गाली देकर ये लोग अपने ही कुसंस्कारों का प्रदर्शन करते हैं, द्वेषरूपी कीचड़ से लथ-पथ इन लोगों का पूजा-पाठ वा सन्ध्योपासना करना एक ढोंग ही है।

अभी हाल ही में ३१ अगस्त २०१७ को स्वामी जी ने एक साक्षात्कार के दौरान बताया कि लाखों लोग लाखों रुपए खर्च करके दूर-दूर से जाकर गंगा-जल लाकर मूर्तियों पर चढ़ाते हैं। यही श्रम यदि लोगों की सेवा में लगाया जाता तो कितनों की भलाई होती। मूर्तियों में प्राण-प्रतिष्ठा करनेवाले अपने मृत माता-पिता को जीवित क्यों नहीं कर लेते? लाखों टन दूध मूर्तियों को अर्पित करते हैं जो अंततः नालियों में चला जाता है। इसको गरीबों में बाँट दिया जाता तो कितने लोगों पर उपकार होता? लोग इस बात को कब समझेंगे ?

स्वामी अग्निवेश जी द्वारा लिखित इन पुस्तकों को देखकर आप अंदाज़ा लगा ही सकते हैं कि वे कितने सुलझे हुए कर्मठ संन्यासी थे। आज वे हमारे बीच नहीं रहे, परन्तु विश्वास है कि उनका यह प्रयत्न आनेवाली पीढ़ी का मार्गदर्शक बना रहेगा।

स्वामी जी की रचित पुस्तकें :–

१. आओ धर्म की चर्चा करें
२. महर्षि दयानन्द और वैदिक समाजवाद
३. वैदिक समाजवाद और भाग्यवाद्
४. वैदिक समाजवाद और भ्रष्टाचार
५. वैदिक समाजवाद व जातिवाद
६. वैदिक समाजवाद व कम्यूनिज्म
७. Applied Spirituality -- (Applied Spirituality by Swami Agnivesh is taught in University of America. Glen Martin prescribes this book in Radford University).

इसके अतिरिक्त उनके हिन्दी-अंग्रेज़ी में अनेक लेख व वीडियो यू ट्यूब पर हैं। सबमें वेद, सत्यार्थप्रकाश व आर्यसमाज को महिमामंडित किया गया है।

स्मृतिशेष श्री विश्वदेव मुनि जी

पंडित सत्यप्रकाश बिगू, आर्योपदेशक



वानप्रस्थी श्री विश्वदेव बिहारी जी अब हमारे मध्य नहीं रहे। शनिवार ता० ८ मई को उनका देहावसन हो गया ।

श्री विश्वदेव जी महर्षि स्वामी दयानन्द जी के अनन्य भक्त थे। वैदिक धर्म के प्रति उनकी श्रद्धा अटूट थी। वे जीवन भर आर्यसमाज से जुड़े रहे । समय-समय पर आर्योदय में लिखते रहे और कभी-कभार छोटी-मोटी पुस्तिकाएँ छपवाकर निःशुल्क बाँटते रहे। जब भी समाचार पत्रों में वेद के नाम से कोई भी लेख छपता था, जिसमें अवैदिक विचार होते थे तो वे अवश्य उत्तर देते थे। वे एक निर्भीक स्वाभिमानी सज्जन पुरुष थे।

बिहारी परिवार बेनारस गाँव से बाद में फेरने आ गये । फेरने में भी उनके पिता जी आर्यसमाज के कार्यों में तन-मन-धन से सहयोग देने लगे। वे एक समय सभा-प्रधान भी रहे थे। भारत से जब संन्यासी-उपदेशक प्रचारार्थ आते थे, तो उनके गृह पर ही ठहरते थे। विश्वदेव जी को स्वामी स्वतन्त्रानन्द जी के दर्शन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ था।

श्री विश्वदेव जी हिन्दी में रुचि रखते थे। Ferney के बैठका में हिन्दी का उन्हें प्रारम्भिक ज्ञान मिला था। वे स्वाध्यायप्रिय व्यक्ति थे। प्रतिदिन संध्या-हवन के बाद वे स्वामी जी की पुस्तकों का नियमित स्वाध्याय करते थे। स्वाध्याय के बल पर उन्हें शुद्ध हिन्दी बोलना और लिखना आ गया था। समय-समय पर वे आर्योदय में हिन्दी लेख छपवाते थे।

श्री विश्वदेव जी आर्य सभा के प्रचार कार्यों में सदा योगदान देते थे। क्यूर्पिप आने पर वे निर्घिन भवन आर्यसमाज के सदस्य बने।

शेष भाग पृष्ठ ४ पर

In My View

Health and Wealth

Thus goes life. There are days on which we feel optimistic and bright. On others, we are gloomy and dissatisfied. Days, as the French saying goes, follow but do not resemble each other. We can vouchsafe the veracity of this statement when we consider our own reactions on certain days.

This is a good thing. Had our days followed the same pattern, monotomy would have ensued. Fortunately, most of us lead a life with the inevitable ups and downs, the surprises - pleasant and unpleasant -- and the multifarious activities.

It behoves us to develop the awareness of separating the pleasant from the unpleasant . We have the capacity to do so. For those who lead a busy life with its lot of stress and tension, a time comes when it becomes necessary to take a pause so as to strike a balance.

Both the mind and the body need a period of rest. Too much of anything is harmful.

We are constantly made aware that without a sound health no amount of wealth can be enjoyed. We have to draw lessons from life.

If we enjoy a sound health, wealth may not necessarily follow. A healthy life, however, is worth its counterpart in wealth.

Mithyl Banymandhub

Shravani Month *and* Raksha Bandhan

By Sookraj Bissessur,B.A. (Hons.)

"May we, O Lord hear with our ears, what is Good
May we see with our eyes -- what is good
And praising you with healthy body and soul
Enjoy the bestowed term of life in dedication to all that is Noble and Good"
The Veda

We have celebrated Shravani Mahotsav. What is so special about it? It is high time for us Aryan(s) to further transform ourselves and face life with an optimistic spirit and firm determination.

The Covid-19 has triggered an unprecedented situation, in so far as the hospitality industry is concerned. This has led to a severe drop in the global tourism industry. May this Shravani Mahotsav bring to us fortune, spiritual knowledge and the necessary and deserved merits. May we be brilliant in all our endeavours, with the powerful force hot as within the fire, the light, the shine, giving solace and huge protection and removing all defects and bring peace.

One of the most important Vedic festivals is Shravani Mahotsav. It is being celebrated during the month of *Shravan* – a month which coincides with the monsoon season in '*Aryavart*' -- (now India). It should also be noted that, at the very outset of the monsoon, (rainy season), Rishis, seers, Saints and Sages moved to towns and villages leaving behind their hermitages (dwellings in forests) to seek shelter from the rainy weather.

These people seized this opportunity to hold discourses on Vedic Religion; 'Yajnas' and '*Mahayajnas*' were performed and the teaching, reading and reciting of the Vedas become a *'sine qua non'*. Thus, their precious stay was greatly beneficial to the layman in their spiritual life. In Mauritius the Shravan month has been proclaimed as *'Veda mās'* by the Arya Sabha Mauritius because it is a month devoted to the reading, study and scrutiny of the Vedas, our holy scriptures, and spreading their message among the laymen through different activities in this connection.

On this auspicious occasion, Vedic scholars and sages from India are invited to Mauritius by the Arya Sabha to add a new dimension to the celebration of *Shravani* Mahotsav. In every branch of the Arya Sabha great planning and preparation are carried out for the Shravani Mahotsav. Cleaning, renovation and painting of the temples are undertaken and convenient dates and time for celebrations are fixed. All the Arya Samaj members, participate wholeheartedly in the Mahotsav.

The *Shravani* Mahotsav is launched every year at National level by the Arya Sabha on Guru Purnima day followed by activities in all its branches such as 'yajnas', 'Mahayajna's', reading of Vedas, devotional songs, discourses on Vedic religion by sages and other resource persons, song competitions, essay competitions, elocution contests , exhibition on Vedic Literature and various other activities. They are held with great religious zeal.

In so doing, the Arya Sabha creates awareness among its members, especially the youth about of the Vedas our holy scripture, their eternal message for the welfare of mankind and to prepare them for the leadership of the Arya Samaj movement in Mauritius in the coming years.

We think that the leaders of the Arya Sabha are farsighted, and through the laudable activities of the Shravani Mahotsav and the involvement of the youth(s) they are assuring the future of the Arya Samaj.

RAKSHA BANDHAN

Raksha Bandhan is the perennial festival of brothers and sisters. The festival of Raksha Bandhan is celebrated in India, Mauritius and all parts of the world where there is a Hindu population.

On 22nd August, 2021, sisters and brothers have celebrated the important festival. Special importance is attached to the festival because it is about perennial and sincere love which exists between sisters and brothers.

Rakhi this piece of colorful thread which is tied by the beloved sister on her brother's wrist strengthens the bond of affection which exists between brothers and sisters. After the '*Rakhi*' has been tied by the sister. The brother offers her gifts, pledges to protect, help support and provide her with all necessities so that she may always lead a peaceful, comfortable and happy life. The sister, in turn, prays the Almighty and asks Him to clear all hurdles that may come across her brother path. This thread is of special significance and is valuable.

Raksha Bandhan also brings together siblings who have since long been separated due to studies or emigration. Raksha Bandhan has also certain, spiritual, links with the '*Shravani*' festival, which is usually regarded as the festival of the educated. Prior to the celebration of this festival, beautiful and colourful threads (Rakhi) are widely exhibited for sale in shops and markets.

Brahmin(s) would assume the responsibility of carrying the threads (Rakhi) to the Hindu families as per their acquaintance and would tie them round the wrist of every member of the family and, in turn, the Brahmin would receive cash, gifts and rewards.

Indian History also clearly indicates that in the olden days the *Rakhi* festival was not only celebrated among Hindus , but Hindu women also tied 'Rakhis' round the wrists of Muslim brothers -- owing to their strong sense of fidelity.

पृष्ठ ३ का शेष भाग

स्मृतिशेष श्री विश्वदेव मुनि जी

यज्ञ-महायज्ञों में वे सपरिवार भाग लेते थे। उनके कुल- पुरोहित श्री पंडित भरत कौड़िया जी थे। सन् १९८१ में अपने मित्रों के साथ उन्होंने नैतिक शिक्षा समिति संस्था की संस्थापना की और वर्षों तक निःशुल्क पत्राचार द्वारा धार्मिक शिक्षा का पाठ देते रहे । शिक्षा का माध्यम अंग्रेज़ी था।

श्री विश्वदेव जी संगीत में भी रुचि रखते थे। आर्यसमाज के सत्संगों में कभी-कभी भजन भी गाया करते थे। बिहारी परिवार पर आर्यसमाज का अच्छा प्रभाव पड़ा था। (जब देश-विदेश से संन्यासी उपदेशक प्रचारार्थ उनके गाँव में आते थे, तो उनके यहाँ ही ठहरते थे।) उन दिनों जैसा कि प्रायः सभी गाँवों में होता था, फेरने में भी काली पूजा के अवसर पर हिन्दू लोग पशु-बली देते थे। श्री करण बिहारी, सभा प्रधान को यह प्रथा एक जघन्य अप्राध लगता था। अतः इस प्रथा को बन्द करवाने के लिए उन्होंने प्रण लिया और सफल भी हुए। उनकी सूझ-बूझ तथा सत्प्रयास से फेरने गाँव इस कलंक से मुक्त हुआ ।

सन् १९९८ में श्री विश्वदेव जी ने उपमुख्याध्यापक (DHT) पद से अवकाश लिया और सन् २००८ में, श्री स्वामी ऋतस्पति जी से वानप्रस्थ की दीक्षा ली। वे प्रतिदिन संध्या-हवन और स्वाध्याय करते थे और लोगों को स्वाध्याय करने की प्रेरणा भी देते थे। वे अपने साथ स्वामी आनन्द जी की पुस्तकें सदा रखते थे और कहीं पर भी जब कोई हिन्दी पढ़नेवाले से भेंट हो जाती थी, विशेषकर छात्र-छात्राएँ, तो उन्हें एक पुस्तक अवश्य दान करते थे। हिन्दू समाज की डूबती नैया को देखकर, वे सदा कहते थे – "The Sanatana Vedic Dharma is the only guarantee for our survival." उनकी प्रेरणा-श्रोत 'सत्यार्थप्रकाश' और 'ऋग्वेदादि भाष्यभूमिका', ये दो प्रमुख ग्रन्थ थे ।

रविवार ९ मई को उनका अन्तिम संस्कार माहेवर्ग में पंडित सत्यप्रकाश बिगू, पंडित श्याम दयबू और पंडित गुरुदत्त चतुरी जी द्वारा सम्पन्न हुआ। उनकी एक ही सद् इच्छा थी – "*अपने जीर्ण-शीर्ण शरीर को त्याग पुणः जन्म लेकर स्वामी दयानन्द के कार्यों को नये जोश और उत्साह से करूँ ।*" प्रभु उनकी प्रार्थना वा सदीक्षा को सत्य करे ।

युवा-दिवस २०२१

श्रीमती दीया तिलक सिरतन

हर साल की तरह इस साल भी राष्ट्रीय युवा-दिवस और भारत का पचछहत्तरवाँ स्वतन्त्रता-दिवस पोर्टलुई आर्य सभा मॉरीशस में पन्द्रह अगस्त को विशेष रूप से मनाया गया ।

इस समारोह के लिए कोविद महामारी के कारण बहुत व्यक्तियों को जुटा नहीं पाये। यह कार्य एक सीमित जनता तथा स्वच्छता एवं सावधानियों को ध्यान में रखते हुए मनाया गया। भारतीय उच्चायोग की कृपा से बहुत-से लोग फेसबुक द्वारा इस कार्यक्रम को देख पाये। भारतीय उच्चायोग ने आर्य सभा मॉरीशस के पेज को लाइव शेयर किया था । भारतवासी तथा मॉरीशसवासी भी इससे जुड़ पाये ।

कार्यक्रम का श्रीगणेश मॉरीशस आर्य युवक संघ के सदस्यों द्वारा सम्पन्न अग्निहोत्र से हुआ। उसके तुरन्त बाद भारत और मॉरीशस का राष्ट्रीय गान हुआ। तत्पश्चात् श्रीमती दीया तिलक सीरतन और ज्येष्ठा रामधनी का स्वागत-भाषण हुआ। उनके द्वारा ही कार्यक्रम का संचालन हुआ।

समारोह में प्रतिष्ठित लोगों ने भी उपस्थिति दी थी, जिनमें प्रोफ़ेसर सुदर्शन जगेसर जी, मॉरीशस आर्य सभा के प्रधान, श्री हरिदेव रामधनी जी, आर्य युवक संघ के प्रधान डॉक्टर भूषण चमन जी भी थे।

कार्यक्रम के दौरान अनेक सुन्दर प्रस्तुतियाँ भी हुईं, जो नारी सशक्तिकरण पर आधारित थीं। मॉरीशस आर्य युवक संघ के सदस्यों ने कविता-पाठ किया। माहेवर्ग आर्य युवक संघ द्वारा नारी शक्ति स्वरूप। भजन तथा भारतीय देश-भक्ति पर एक लघु प्रदर्शन किया गया, जिनमें स्वामी दयानन्द, सरदार भगत सिंह, झाँसी की रानी आदि का चरित्र दर्शाया गया । उस दिन विशेषकर मॉरीशस आर्य युवक संघ द्वारा कोविद मास्क वितरण का शुभारम्भ हुआ, जो आज की स्थिति के लिए उपयुक्त है ।

इसके साथ-साथ विभिन्न स्थानों से उत्तीर्ण हुए प्रतिभागियों को 'रंगाई' और चित्रकारी के लिए पुरस्कृत किया गया तथा लगातार चौदह सप्ताह में आचार्य उमा और आचार्य बद्री द्वारा अग्निहोत्र और सन्ध्या की कक्षा में भाग लिये विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र भी दिये गये ।

रंगाई और चित्रकारी के तीन श्रेणी विजेताओं को पुरस्कार भी दिये गये । तीसरे स्थान से प्रथम स्थान पर आये सभी विजेताओं को पुरस्कृत किया गया ।

फिर मॉरीशस आर्य युवक संघ के प्रधान डॉक्टर भूषण चमन का संदेश युवकों के लिए रहा। उन्होंने महिला पुलिस करिश्मा थलवर का स्वागत किया और उनकी बहादुरी के लिए फूलों के गुच्छे से सम्मानित किया, तथा मॉरीशस आर्य सभा और मॉरीशस आर्य युवक संघ के द्वारा उन्हें शिल्ड से भी सम्मानित किया गया ।

समारोह की समाप्ति से पहले मॉरीशस आर्य सभा के प्रधान, श्री हरिदेव रामधनी जी जो उस दिन के मुख्य अतिथि और वक्ता थे, उनका ओजस्वी सन्देश को भी सुनने का मौका मिला ।

कार्यक्रम का समापन धन्यवादयापन और शान्ति-पाठ के साथ हुआ । उन सभी को धन्यवाद दिया गया, जिन्होंने कार्य को सफल बनाने में अपना योगदान दिया । जैसे सभी प्रयोजकों, युवकों-युवतियों, प्रतिभागियों तथा अतिथियों आदि को विशेष धन्यवाद दिया गया ।